



### एक नजर में

## आतिशबाजी के लिए ऑनलाइन भरे फार्म


**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। वर्ष 2025 में दीपावली त्यौहार के अवसर पर मप्र शासन गृह विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेशानुसार एमपीई-सर्विस पोर्टल के माध्यम से गृह विभाग की सेवाओं एवं त्यौहारों के दौरान आतिशबाजी,पटाखे के कब्जे और विक्रय के अस्थाई अनुज्ञप्ति से संबंधित सेवा को पूर्णत: ऑनलाइन प्रारंभ की जानी है।**


विस्फोटक अधिनियम एवं विस्फोटक नियम तथा विस्फोटक संशोधन नियम में उपबंधित नियमों एवं शर्तों के अंतर्गत उक्त नियम के प्ररूप एल.ई-5 में अस्थाई अतिशबाजी, पटाखे अनुज्ञप्ति के लिये इच्छुक आवेदनकर्ताओं द्वारा ई-सर्विस पोर्टल के माध्यम से पूर्णत: ऑनलाईन प्रदान किए जाने हेतु अस्थाई आतिशबाजी अनुज्ञप्ति के लिये कोष एवं लेखा कार्यालय के लेखाशीर्ष 0070 अन्य प्रशासनिक सेवाए, 060 अन्य सेवाऐं, 103 विस्फोटक अधिनियम में ऑनलाइन ही भुगतान किया जायेगा। पात्र व्यक्ति की आयु न्यूनतम 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए, न्यायालय द्वारा आपराधिक मामलों में दोषसिद्ध नहीं होना चाहिए तथा जिन्हें भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा एवं 170 के अंतर्गत परिशांति कायम रखने ओर सदाचार के लिये पत्र निष्पादन करे।

# जमीन का फर्जी मालिक बन हड़पे 10 लाख

**जय महाकाल ग्रुप के संचालक ने की मामले की शिकायत**

**अदालत ने पुलिस से मांगी विस्तृत जांच रिपोर्ट**




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश में इन दिनों जमीनों के फर्जी मालिक बनकर उन्हें बेचने वाले कई गिरोहों का पर्दाफाश लगातार किया जा रहा है। ऐसे गिरोह दूसरे की जमीन को अपना बताकर लोगों से एग्रीमेंट के नाम पर रकम हड़पते हैं और फिर उसकी जमीन को बेच डालते हैं। ऐसा ही एक मामला टीकमगढ़ शहर से निकलकर सामने आया हैं जहां एक व्यक्ति ने भूमि को स्वयं का बताकर फर्जी एग्रीमेंट कर 10 लाख रुपए हड़पने का खेल खेला है। इस मामले में पुलिस से लिखित शिकायत की गई, लेकिन जब पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तो पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने मामलें पुलिस से विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी है।**

दरअसल यह पूरा मामला शहर के जय महाकाल ग्रुप से जुड़ा है। जय महाकाल ग्रुप के मालिक प्रतीक श्रीवास्तव ने एक परिवाद जिला न्यायालय में दायर किया था। जिसके बाद जिला न्यायालय ने संज्ञान लेते हैं अंग्रेजी शराब दुकान के पास स्थित जानकी बाग के रहने वाले हरेन्द्र यादव के खिलाफ की लगाए गए परिवाद की विस्तृत जांच रिपोर्ट पुलिस से मांगी है।

शिकायतकर्ता प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया है कि बीती 20 जून 2024 को शहर के रहने वाले हरेन्द्र यादव उनके पास आए और उन्होंने उनसे कहा कि ग्राम पंचायत तखा में आवेदक की कालोनी के समीप स्थित एक एकड़ भूमि को स्वयं का बताया और कहा कि आप इस भूमि का सौदा कर लें। इसका सौदा तय हुआ आरोपित व्यक्ति ने 1 करोड़ 32 लाख 50 हजार रुपए में जमीन को बेचने का अनुबंध करने की बात कही। इस बात पर शिकायतकर्ता प्रतीक श्रीवास्तव ने अनुबंध करने के लिए कहा तो हरेन्द्र ने अनुबंध किया और यह अनुबंध उसी दिन आरोपित व्यक्ति हरेन्द्र यादव ने प्रतीक श्रीवास्तव से इस भूमि खसरा नंबर 234/10/3 रकवा 0.405 आरे का अनुबंध बनवाया। इसी दौरान हरेन्द्र यादव ने आरटीजीएस के माध्यम से प्रतीक श्रीवास्तव से 10 लाख रुपए ठगने का कार्य कर डाला। हालांकि इस समय पीड़ित को यह जानकारी नहीं थी कि यह जमीन किसी अन्य व्यक्ति की है। जब आवेदक ने तीन माह बाद हरेन्द्र यादव से रजिस्ट्री करने के लिए कहा तो उसने गुमराह किया।

इस तरह गुमराह होने पर प्रतीक श्रीवास्तव ने सारे कागजों की नकल निकलवाई जिसके बाद हरेन्द्र यादव द्वारा किए गए फर्जीबाड़े की पोल खुल गई। ऐसा होने पर प्रतीक श्रीवास्तव ने खुद को ठगा महसूस करते इसकी लिखित शिकायत एसपी दफ्तर में की। जब इस शिकायत पर कार्यवाही नहीं हुई तो उन्होंने न्यायालय की शरण। न्यायालय ने उनकी शिकायत के आधार पर पुलिस से विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी।

यह सब देख हरेन्द्र यादव ने प्रतीक श्रीवास्तव के खिलाफ षणयंत्रण करना शुरू कर दिया और फिर उसने प्रतीक श्रीवास्तव की कंपनी जय महाकाल ग्रुप के नाम से समस्त कालोनियां की शिकायतें करना शुरू कर दिया है। प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी छवि और केश वापिस लेने के लिए यह दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि हरेन्द्र यादव फर्जीवाड़े कर लोगों को ब्लैकमेल करने का काम करता है। जब इसकी कोई बात न माने तो वह इसी तरह छवि धूमिल करने के लिए झूठी शिकायतें कर दबाव बनाता है। जबकि हरेन्द्र यादव स्वयं अवैध कालोनी काटने वाला भू-माफिया है एवं अवैध कालोनी के व्यापार के लिए एचकेवी रियल स्टेट प्राईवेट लिमिटेड के नाम से कई भूमि क्रय की गई हैं जिस पर वह अवैध कालोनियां बनाना चाहता है। एवं पूर्व में भी वह अवैध कालोनियां बना चुका है। हरेन्द्र यादव के खिलाफ अवैध कालोनी का प्रकरण क्र-366-वी/121/24-25 खसरा नंबर 167/2/2/1/1 भी दर्ज है।

### आखिर कौन है हरेन्द्र सिंह यादव

पीड़ित प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया है कि हरेन्द्र सिंह यादव शहर के अंबेडकर क्षेत्र में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के पास रहता है। यह व्यक्ति आदतल शिकायतकर्ता है। इसका काम शिकायत कर लोगों को ब्लैकमेल करना है। इसने पूर्व में भी कई शिकायतें की है। हरेन्द्र यादव स्वयं का समाजसेवी बताकर समाज के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करके करोड़ों रुपए की संपत्ति अर्जित करने का काम करने में लगा हुआ है। यह अपनी कंपनी एचकेवी रियल स्टेट एवं डवलपमेंट प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर जमीनी खरीदने का काम करता है।

### टीकमगढ़ जिले की डायरी

#### टीकमगढ़ भाजपा कार्यकारिणी गठित होने में देरी क्यों

मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के संगठन में प्रदेश अध्यक्ष के बाद तमाम जिलों में जिले के अध्यक्ष बन चुके हैं। पर कई जिलों की कार्यकारिणी अभी भी नहीं बन पाई है। इस सूची में टीकमगढ़ का नाम भी शामिल है। मध्यप्रदेश में तमाम जिलों की कार्यकारिणी घोषित हो चुकी है, इतना ही नहीं पड़ोसी जिले निवाड़ी की भी घोषणा बीते दिनों हो गई है पर टीकमगढ़ की कार्यकारिणी बनने में कौनसी अड़चन है इस पर तरह-तरह के क्यास लोग लगा रहे हैं। बाजार में चर्चा है कि जिला कार्यकारिणी इसलिए गठित नहीं हो पा रही क्योंकि यहां नेताओं की पसंद वाले चेहरों पर मुहर नहीं लग रही। नेता चाहते हैं कि उनकी पसंद वाले चेहरों को जगह मिले, लेकिन संगठन ईमानदार और मेहनती कार्यकर्ता को जगह देना चाहता है। शायद इसीलिए टीकमगढ़ जिला भाजपा कार्यकारिणी गठन में देरी हो रही है। भाजपा में पद की चाह रखने वाले नेता रोजाना देर शाम प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के ट्वीटर अकाउंट को चेक करते हैं कि कहीं टीकमगढ़ की जिला कार्यकारिणी घोषित तो नहीं हो गई। हालांकि हाल में तो नहीं लग रहा है कि जिले की कार्यकारिणी अभी बनेगी।

#### पुलिस विभाग की करा दी किरकिरी

पुलिस महकमें की इन दिनों खूब किरकिरी हो रही है। वह इसलिए क्योंकि एक पुलिस अधिकारी ने अपना आपा खोकर विद्यार्थी परिषद के लोगों पर लाठियां भांजी जब मामला बिगड़ा तो कप्तान ने सोशल मीडिया पर विद्यार्थी परिषद के छात्रों को ही उत्पात का दोषी ठहराया, लेकिन अचानक जब उनकी पोल खुली तो वह अपना ब्यान वापिस लेते नजर आए और उन्होंने पुलिस कप्तान जैसे पद नहीं, बल्कि पूरे पुलिस महकमें की किरकिरी करा डाली। खबर है कि उनसे भाजपा संगठन से लेकर सत्ता में बैठे लोग बेहद नाराज हैं और इसकी शिकायत मुख्यमंत्री तक हो चुकी है। दबी जुबान से नेता यही कह रहे हैं कि साहब बस अब कुछ दिन के और मेहमान हैं।

#### ...आखिर में बात कारी खदान की

...आखिर में बात कर लेते हैं कारी की प्रसिद्ध खदान की। खबर है कि इस खदान को लेकर लिखित शिकायत के आधार पर वन विभाग की जांच टीम ने जांच कर रिपोर्ट भोपाल स्तर तक भेजी है। शिकायत में आरोप है कि खदान लेने वालों ने खदान से अधिक वन भूमि को खुर्दबुर्द कर दिया है। इसलिए हाल में खदान पर रोक लगा दी गई। खदान में साफ-सफाई के नाम पर रोजाना अवैध खनन जारी था। हालांकि अभी तक विभाग ने इसकी सारी जानकारी शेयर नहीं की है।

**- आमिर खान, दैनिक नवभारत**

# पलेरा क्षेत्र के करौला गांव में खुदाई के दौरान मिली राधा-कृष्ण की मूर्ति



**नवभारत न्यूज पलेरा। नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम करौला में वर्षों पुराने सिद्ध स्थल के पास खुदाई के दौरान राधा-कृष्ण की प्रतिमा एवं तीन जल कुंड मिलने से गांव में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। नवदुर्गा पर्व में हुए इस अधभुत चमत्कार को लेकर भक्तों में आस्था देखी जा रही है। इस दृश्य को देखने के लिए दूर-दराज से लोग यहां पहुंचने लगे हैं।**

बताया जाता है कि करौला गांव की ग्रामीण बलराम कुशवाहा को सपना आया था की सिद्ध स्थल के समीप तीन जलकुंड एवं चंदेलकालीन राधा कृष्ण की प्रतिमा मौजूद है। जिसे जमीन से खोदकर निकाल लिया जाए। इसके बाद राधा कृष्ण की प्रतिमा निकलने की खबर जैसे ही गांव व आसपास के लोगों को लगी तो दर्शन करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचना शुरू हो गए। झंडा पूजा पाठ के साथ ही भजन कीर्तन का आयोजन शुरू हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्थित सिद्ध स्थल पहाड़ी को लेकर लोगों की काफी आस्था है। लोग दूर दराज से यहां पहुंचते हैं और दर्शन लाभ उठाते हैं। ऐसे में ग्रामीण बलराम कुशवाहा का सपना सच हो जाना किसी चमत्कार से कम नहीं है। ग्रामीणों की माने तो अब इस स्थल को विकसित करने की तैयारी की जा रही है। आसपास के ग्रामों के लोगों ने भी अपनी आस्था के चलते सहयोग करने की बात कही है। ग्राम के लोगों का कहना है कि भगवान ने हमें साक्षात दर्शन दिए हैं।

## कलेक्ट्रेट सभागार में होगी टीएल की बैठक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।**

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

# हाट बाजार का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने लोगों के साथ सर्किट हाउस के पास लगने वाले जैविक हाट बाजार निरीक्षण किया एवं जैविक खेती कर सब्जियां उगाने वाले किसानों से बातचीत की। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने उपसंचालक कृषि विभाग को सभी जैविक खेती करने वाले किसानों को उन्नत प्रशिक्षण देने एवं उनका प्रमाणीकरण करने के निर्देश दिए।**




कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जैविक खेती करने वाले किसान श्यामबिहारी कुशवाहा, किशन कुशवाहा, ग्यासी रैकवार, परमानंद कुशवाहा से उनके खेती के तरीके के बारे में और उगाने वाली सब्जियों के बारे में जाना। ज्ञातव्य है कि भारतीय किसान संघ के सहयोग से ये किसान जैविक खेती कर प्रत्येक रविवार को जैविक हाट बाजार के माध्यम से सब्जियां नगरवासियों को उपलब्ध कराते हैं।इस अवसर पर राजेंद्र श्रीवास्तव, सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग अजय रोहित सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## माह के अंतिम दिन तक होगा वृत्तिकर जमा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। मध्यप्रदेष वृत्तिकर संषोधन अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिये वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर है।**

जानकारी के अनुसार जीएसटी से पंजीकृत, अपंजीकृत व्यवसाई, निजी विद्यालय, महाविद्यालय, कम्प्यूटर सेंटर, चिकित्सक, चिकित्सा व्यवसायी, सीए, वकील, बीमा अभिकर्ता, मदिरा दुकान संचालक, चिटफण्ड संचालित वाली संस्थायें या व्यक्ति, सहकारी सोसाईटी, ट्रांसपोर्टर कोचिंग संस्थान, चिकित्सालय, जिमसेंटर, धर्मकांटा, होटल, लॉज, विवाह मंडप, टेंट शामयाना, केवल ऑपरेटर, वीडियो पार्लर, ब्यूटी पार्लर, फाईनेंस कम्पनी, क्लीनिक, लैब कम्प्यूटर कॉलेज, नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर, अर्धशासकीय कार्यालय, बैंक, एलआईसी आदि 30 सितम्बर तिथि तक अनिवार्य रूप से वृत्तिकर जमा करें।

# लुटेरी दुल्हन लाखों लेकर रफू चक्कर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शादी के नाम पर एक युवक से 1 लाख 80 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। मंदिर में शादी के एक सप्ताह बाद ही दुल्हन फरार हो गई। पीड़ित युवक मनीष जैन ने कोतवाली और एसपी कार्यालय में इस घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।**




शिकायती आवेदन में शहर के पपौरा चौराहा मझपुरा मुहल्ला निवासी मनीष जैन ने बताया कि वह अविवाहित है। टीकमगढ़ जिले के ही परिचित दोस्त मनोहर लोधी नारायणपुर, रामस्वरूप लोधी डारगुवां, बल्देवगढ़,और रीता लोधी पठराई, ने उन्हें शादी कराने का लालच दिया। इन बिचौलियों ने उड़ीसा के बलांगीर जिले की निवासी अनसुइया भुई नामक युवती से मिलवाया और 1 लाख 80 हजार रुपए लेकर रिश्ता तय किया। इसके बाद एक सप्ताह पहले कुंडेश्वर मंदिर में दोनों की जयमाला कराई गई। कोर्ट मैरिज के लिए भी आवेदन किया गया था। शादी के एक सप्ताह बाद ही नवविवाहिता पत्नी मौका पाकर घर से फरार हो गई। पीड़ित मनीष जैन ने तुरंत अपने बिचौलिये दोस्तों को सूचना दी और पैसे वापस करने की गुहार लगाई।

मनीष के अनुसार उन्हें अब तक पैसे वापस नहीं मिले हैं बल्कि उल्टा झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी जा रही है। इससे पीड़ित का परिवार भयभीत है। मनीष जैन ने कोतवाली प्रभारी से ठगी करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने और उनके पैसे वापस दिलाने की मांग की है। शादी के नाम पर एक युवक से 1 लाख 80 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। मंदिर में शादी के एक सप्ताह बाद ही दुल्हन फरार हो गई। पीड़ित युवक मनीष जैन ने कोतवाली और एसपी कार्यालय में इस घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# बेटे को तालाब में फेंका, फिर मां ने लगा ली फांसी

**शराबी पति से तंग आकर महिला ने उठाया कदम**

**पुलिस ने मां और बेटे के शव का कराया पीएम**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पति-पत्नी का झगड़ा और आपसी कलह के चलते एक मां ने अपने बेटे को तालाब में फेककर स्वयं फांसी लगाकर जान दे दी है। यह मामला बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र के कैलपुरा का बताया जा रहा है।**



जानकारी के मुताबिक टीकमगढ़ के बल्देवगढ़ में मां ने तीन साल के बेटे को तालाब में फेंका। फिर 3 किलोमीटर दूर जाकर पेड़ पर साड़ी से फांसी लगा ली। पति से विवाद के बाद महिला ने ये कदम उठाया। पुलिस ने दोनों के शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं।

महिला की पहचान केलपुरा गांव निवासी संतोषी राजपूत 24 वर्ष के रूप में हुई है। बच्चे का नाम अभिजीत है। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह करीब 8 बजे गांव वालों ने महिला का शव पेड़ पर लटका देखा। इसके बाद थाने में सूचना दी। मौके से करीब तीन किलोमीटर दूर तालाब में बच्चे का शव उतराता दिखा। वहां के लोगों ने भी बल्देवगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी थी।

जानकारी के मुताबिकए संतोषी का शनिवार रात पति नरेश से विवाद हुआ था। नरेश पहले कियोस्क सेंटर चलाता था। फिर सेंटर बंद कर मजदूरी करने लगा। वह शराब का आदी है। आए दिन पत्नी से झगड़ा और मारपीट करता था। इसी से तंग होकर संतोषी बेटे अभिजीत को लेकर घर से बिना बताए निकली थी।

कुड़याला गांव के रहने वाले संतोषी के भाई राघवेंद्र राजपूत ने बताया बहिन की पांच साल की बेटी दिव्यांशी और तीन साल का बेटा अभिजीत था। बेटी को घर में छोड़कर निकली थी। शनिवार रात ससुराल से फोन आया कि बहिन भांजे को लेकर कहीं चली गई है। सुबह उसकी मौत की सूचना मिली।

हालांकि पुलिस ने दोनों शवों का बरामद कर उनका पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों के सुपुर्द किए। पुलिस का कहना है कि मामले में बारीकी से जांच की जा रही है, जो भी तथ्य निकलकर सामने आएंगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी। हालांकि पुलिस ने कहा है कि परिवार के छोटे-छोटे झगड़ों के चलते लोगों को ऐसे कदम नहीं उठाना चाहिए। घटना से पूरा बल्देवगढ़ क्षेत्र में सनसनी फैली हुई।

**लापरवाही** मेंटेनेंस के नाम पर रोड कंपनी कर रही लापरवाही

# प्रधानमंत्री सड़क की खुली पोल, जगह-जगह हुए गड्ढे

**नवभारत न्यूज, पलेरा। ग्रामीण विकास की आधारशिला कही जाने वाली प्रधानमंत्री ग्रमीण सड़क योजना के कियान्वयन पर अब सवाल उठने लगे हैं। निर्माण के साथ ही सड़कों में गड्ढे होने के कारण उनकी गुणवत्ता पर नागरिकों के द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि इन सड़कों पर भार सहने की क्षमता महज आठ टन होती है, लेकिन इससे अधिक वजन के वाहन निकलने से भी यह सड़कें जवाब दे रही हैं। वहीं इस बात को आधार रखकर निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार भी काम में लापरवाही करते दिख रहे हैं।**




दरअसल पीएमजीएसवाई की सड़कों की पांच साल के पहले ही दशा खराब हो चुकी है। इससे ग्रामीणों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा खराब स्थित सैपुरा, टौरिया, कछौरा, लिधौरा नजदीक टौरी एवं गौना करौला क्षेत्र में देखी जा रही है। यहां रेत से भरे ओवरलोड वाहन निकलने के कारण इन गांव की सड़कें बदहाल स्थिति में पहुंच गई हैं।

सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। जिससे परिवहन करने में लोगों को खासी दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीण इलाके तक आसानी से पहुंचने वाली लंबी सड़कें अब लोगों की रफ्तार रोक रही हैं। जगह-जगह रोड कट गया है। लिधौरा नजदीक टौरी के पूर्व सरपंच जगदीश अहिरवार ने बताया कि गांव से मुख्य सड़क तक जुडने् वाली सड़क गुणवत्ता के मानक हैं। जिस आधार पर ठेकेदार द्वारा सड़क तैयार की जाती है। साथ ही ठेकेदार की पांच साल की गारंटी होती है। गारंटी अवधि में ठेकेदार से सड़क की लागत में से दस प्रतिशत राशि जमा कराई जाती है। यदि कोई ठेकेदार पांच साल सड़क का मेंटीनेंश नहीं करता है तो उसकी राशि जब्त होती है। वहीं पलेरा क्षेत्र की ग्रामीण सड़कों का ठेकेदारों के द्वारा कोई भी सुधार नहीं किया जा रहा है। यही कारण हैं कि सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पलेरा विकासखंड में नगर से ग्राम पंचायत सैपुरा तक बनाई गई 3.20 किलोमीटर लंबी सड़क की मरम्मत और रखरखाव में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। बताया जाता है कि लगभग 67.75 लाख रुपये की लागत से इस सड़क को संस्कार इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी छतरपुर के द्वारा बनाया गया था।

जबकि अनुबंध शर्तों के तहत ठेकेदार को हर वर्ष सड़क पर गड्ढे भरने, शोल्डर सुधार, पुल-पुलियों की मरम्मत, रोड फर्नीचर की मरम्मत, झाड़ियां काटने और नालियों की सफाई जैसे कार्य करना अनिवार्य था। लेकिन ग्रामीण लोगों का कहना है कि आज तक ठेकेदार ने यहां का जायजा ही नहीं लिया है। इसके अलावा मेंटेनेंस के नाम पर कोई कार्य नहीं कराया गया। यह स्थिति महज एक सैपुरा गांव की नहीं बल्कि पलेरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले तमाम ग्रामों में प्रधानमंत्री सड़कों का बना हुआ है। ऐसे ठेकेदारों के द्वारा मेंटीनेंस के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

### इस कंपनी के नाम हुआ था सड़क का टेंडर

मेंटीनेंस अनुबंध में रखरखाव के नाम पर 7.60 लाख का ठेका वर्ष 2024 से 2029 तक छतरपुर जिले की संस्कार इन्फ्रास्टैक्चर कंपनी के ठेकेदार को दिया गया है। लेकिन ठेकेदार के द्वारा दो वर्षों में अब तक यहां सड़क किनारे लगे बोर्ड की रंगाई-पुताई ही नहीं की गई है। जबकि सड़क की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है।

## राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता के मांगे आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्य प्रदेश राज्य कौशल प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।**

भारत सरकार द्वारा विश्व कौशल प्रतियोगिता 2026 एवं राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता 2025 के लिए प्रतिभागियों के द्वारा प्रथम स्तर पर मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास विभाग द्वारा 16 से 24 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों द्वारा नि:शुल्क आवेदन एस आई डी एच पोर्टल पर 30 सितंबर तक किए जाएंगे।

प्रतियोगिता में 63 विभिन्न विधाओं जैसे डिजिटल कंस्ट्रक्शन, ग्राफि क डिजाइन, ऑटोमोबाइल, फैशन टेक्नोलॉजी, बेकरी, गार्डेनिंग इत्यादि शामिल हैं। मध्य प्रदेश राज्य कौशल प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# नगर परिषद ने कराया पार्क का निर्माण




**नवभारत न्यूज पलेरा। मेरे सपनों की उड़ान आसमां तक है, मुझे बनानी अपनी पहचान आसमां तक है। मैं कैसे हार मान लूं और थक कर बैठ जाऊं, मेरे हौसलों की बुलंदी आसमां तक है। इस कहावत को वार्ड क्रमांक 9 में नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप तिवारी उर्फ रानू ने चरितार्थ कर दिखाया है।**

वार्ड वासियों की मांग को ध्यान में रखते हुए लगातार अपनी मेहनत व लगन से उपाध्यक्ष संदीप तिवारी ने साबित कर दिया कि इरादा पक्का हो और लोगों का प्रेम स्नेह साथ हो, तो फिर राह आसान हो जाती है। दरअसल नगर के वार्ड क्रमांक 9 में पुराना थाना की जमीन को सुरक्षित करते हुए चारों ओर बाउंड्री वॉल निर्माण के साथ एक बेहतरीन पार्क का निर्माण नगर परिषद के द्वारा तैयार कर दिया गया है। बताया गया है कि वार्ड क्रमांक 9 में तैयार किए गए।

इस कार्य को लेकर नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप तिवारी के द्वारा सतत प्रयास किए गए थे। पार्क के बाहर हरि की छाया नाम देते हुए मुस्कुराइ क्योंकि आप वार्ड क्रमांक 9 में है लेख किया गया है।